दैनिक जागरण 09/04/2024

छात्रों ने लघु नाटिका आरंभ कौन करेगा का मंचन कर दिखाई प्रतिभा

छावनी के जीएमएम कालेज में प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं ● सौजन्य पीआरओ

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में, कलाश्री के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक विभाग, संस्कृत, पंजाबी, अंग्रेजी, हिंदी, जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का सोमवार को सफल समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डा. चित्तरंजन दयाल सिंह कौशल, निर्देशक हरियाणा साहित्य संस्कृत अकादमी ने शिरकत की।

कार्यशाला में कलाश्री के प्रसिद्ध डायरेक्टर अशोक लहरी ने विद्यार्थियों का थियेटर और अभिनय के क्षेत्र में मार्गदर्शन किया एवं उन्हें कला के विभिन्न पहलुओं से रूबरू करवाया। इस थिएटर वर्कशॉप के संपन्न होने पर छात्रों ने अशोक लहरी द्वारा निर्देशित एक लघु नाटिका "आरंभ कौन करेगा" का मंचन किया। इस नाटक में पढ़े लिखे बेरोजगार युवक और युवतियों की आर्थिक वेदना को मंचित किया गया जिसकी सभी ने भरपूर प्रशंसा की।इस समापन समारोह मे कलाश्री के जनरल सेक्रेटरी टी.एस दुग्गल को कला क्षेत्र में उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। जीएमएन कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि इस वर्कशाप के माध्यम से विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं जैसे अभिनय कौशल, संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । इस अवसर पर कलाश्री के डायरेक्टर टीएस दुग्गल, डा. रितु गुप्ता, डा. अनीश, डा. कमलेश मौजूद रहे।